## एक नजर में

### ग्राम पगारिया राम में ग्रामीणों को बताए नशे के दुष्प्रभाव

**आष्टा.** थाना पार्वती पुलिस द्वारा ग्राम पगारिया राम में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान ग्राम के गणमान्य नागरिकों एवं शासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जानकारी दी गई तथा नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई. नागरिकों एवं विद्यार्थियों से समाज को नशामुक्त बनाने में सहयोग करने तथा नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने की अपील की गई.

### महिला अधिकारों एवं कानूनों की दी जानकारी

**इछावर.** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हब फॉर एम्पावर ऑफ वुमेन योजना के अंतर्गत महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में परामर्शदाता सुरेश पांचाल द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट, महिला अधिकारों, महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों की विस्तार से जानकारी दी गई. इसी प्रकार ग्राम संग्रामपुर के शासकीय हाईस्कूल में भी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मानसिंह सेन ने बच्चों को किशोर न्याय एवं बालकों की देखरेख तथा संरक्षण अधिनियम की जानकारी दी.

### वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी में हुआ पौधरोपण

**सीहोर.** वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी ने पर्यावरण संरक्षण और अपने ग्रीन कैंपस मिशन को बढ़ावा देने के लिए अपने हरित परिसर में मियावाकी फॉरेस्ट फेज की अनूठे अंदाज में शुरुआत की है. इसके तहत कैंपस के 3 हजार वर्ग फुट इलाके को विभिन्न प्रजातियों के 3 हजार स्थानीय पौधों के रोपण के साथ, एक शानदार हरे-भरे इलाके में बदला गया है. इस मौके पर वाइस चांसलर प्रो. डॉ. सतीश कुमार मोढ़, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. टीबी श्रीधरन और डायरेक्टर ऑपरेशन्स डॉ. एस. प्रभाकर के नेतृत्व में मियावाकी विधि को अपनाते हुए वृहद पौधरोपण किया गया.

### नन्हें विद्यार्थियों ने किया भारती हॉस्पिटल का शैक्षणिक भ्रमण

**भैरुंदा.** राय साहेब यूरो किड्स स्कूल के यूकेजी के विद्यार्थियों ने भारती हॉस्पिटल का शैक्षणिक भ्रमण किया. अस्पताल पहुंचने पर डॉ. टमा रॉय एवं नर्सिंग स्टाफ ने सभी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया. डॉ. टमा रॉय ने बच्चों को सरल और रोचक तरीके से अस्पताल की कार्यप्रणाली की जानकारी दी. विद्यार्थियों ने विभिन्न वार्डों और जांच प्रयोगशालाओं का अवलोकन किया तथा इमरजेंसी वार्ड में मरीजों को आपातकालीन स्थिति में दी जाने वाली चिकित्सा व्यवस्था के बारे में जाना.

### सांदिपनी विद्यालय में दिया कॅरियर मार्गदर्शन

**इछावर.** गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा अन्तर्गत सांदीपनि विद्यालय में केरियर मार्गदर्शन पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता शिक्षक विनीत शर्मा ने केरियर मार्गदर्शन दिया. विद्यार्थियों को रुचि एवं क्षमता अनुसार चयन करते हुए केरियर जागरुकता के प्रति सजग रहें. कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रविन्द्र शर्मा ने की. शिक्षक ओमप्रकाश सेन ने संबोधित किया, सेवा निवृत्त शिक्षक केके पालीवाल ने परामर्श दिया. विद्यार्थियों की जिज्ञासा का समाधान किया गया. कार्यक्रम में ओपी सेन, मंजू राठौर, जगदीश गुजराती, अब्दुल कादिर, हेमलता राठौर एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा.

### एमवीएस परियोजना अंतर्गत ग्रामीणों को किया जागरूक

**आष्टा.** जिले के आष्टा-रानीपुरा एमवीएस परियोजना अंतर्गत आईएसए संस्था आउटरीच सोशल ऑर्गेनाइजेशन, साईराम टेक्नो मैनेजमेंट द्वारा आष्टा एवं इछावर विकासखंडों में विभिन्न जनजागरुकता एवं सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन कर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति तथा स्व-सहायता समूह की बैठकें आयोजित कर जल जीवन मिशन की योजनाओं, पेयजल प्रबंधन एवं समुदाय की सहभागिता पर चर्चा की गई. समग्र पोर्टल पर आवश्यक डाटा एंट्री, बेसलाइन सर्वे एवं ऑनलाइन सर्वे का कार्य भी किया गया. ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के बैंक खाते खोलने के लिए दस्तावेज बैंक में जमा किए गए .ग्रामों में जनसभा आयोजित कर सुरक्षित पेयजल, जल संरक्षण एवं जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया.

# धड़ल्ले से जारी खनिज संपदा का अवैध दोहन

## शाहगंज के समीप पनारी में जेसीबी से कर रहे धरती का सीना छलनी, पार्वती नदी से भी रेत की चोरी

**सीहोर.** शाहगंज के समीप ग्राम पनारी में जेसीबी मशीन से खुदाई कर डंपरों में खनिज सामग्री का अवैध परिवहन सतत जारी है.

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 जुलाई. शाहगंज के समीप स्थित ग्राम पनारी में कथित तौर पर बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन का खेल धड़ल्ले से जारी है. क्षेत्र से सामने आई तस्वीरों में भारी भरकम जेसीबी मशीनों द्वारा खुदाई कर डंपरों में खनिज सामग्री भरते हुए देखा जा सकता है. ग्रामीणों का आरोप है कि यह पूरा कारोबार दिन-रात बेखौफ तरीके से संचालित हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से अवैध उत्खनन करने वालों के हौसले लगातार बुलंद हैं.**

- दबंगों के संरक्षण में चल रहा खनिज संपदा का दोहन
- संबंधित विभाग की उदासीनता से जारी अवैध खनन का खेल

ग्रामीणों के अनुसार पनारी क्षेत्र प्राकृतिक खनिज संपदा से समृद्ध है. यहां से खनिज सामग्री का बड़े पैमाने पर उत्खनन किया जा रहा है. उनका कहना है कि बिना किसी डर के भारी मशीनों और डंपरों का उपयोग इस बात की ओर इशारा करता है कि अवैध कारोबार करने वालों को किसी न किसी स्तर पर संरक्षण प्राप्त है. ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद प्रशासन और खनिज विभाग द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई.

स्थानीय लोगों का कहना है कि अनियंत्रित खुदाई से क्षेत्र का पर्यावरण प्रभावित हो रहा है. गहरी खाइयां बनने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है, वहीं बारिश के दौरान जलभराव और मिट्टी के कटाव की समस्या भी गंभीर हो सकती है. इसके अलावा भू-जल स्तर और आसपास की कृषि भूमि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है. ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो भविष्य में स्थिति और गंभीर हो सकती है.

ग्रामीणों ने मांग की है कि पनारी क्षेत्र में संयुक्त राजस्व, खनिज एवं पुलिस विभाग की टीम भेजकर मौके की जांच कराई जाए. यदि उत्खनन नियमों के विपरीत पाया जाता है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उपयोग में लाई जा रही मशीनों और वाहनों को जब्त किया जाए. उनका कहना है कि प्राकृतिक संसाधनों की इस तरह हो रही लूट को रोकना प्रशासन की जिम्मेदारी है.

### पार्वती नदी की रेत पर भी माफिया की नजर

जिले की पार्वती नदी एक बार फिर अवैध रेत उत्खनन को लेकर चर्चा में है. सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में दिनदहाड़े नदी से मशीनों और वाहनों के माध्यम से कथित रूप से अवैध रेत उत्खनन होता दिखाई दे रहा है. वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन की कार्यप्रणाली और खनिज विभाग की निगरानी पर सवाल खड़े हो गए हैं. लोगों का आरोप है कि रेत माफिया बिना किसी भय के खुलेआम नदी से रेत निकाल रहे हैं. वायरल वीडियो ने यह सवाल भी खड़ा कर दिया है कि यदि दिन के उजाले में इस तरह की गतिविधियां संचालित हो रही थीं, तो संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं थी। वहीं यदि जानकारी थी, तो अब तक प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

मामले में जिला खनिज अधिकारी राजकुमार बराठे ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो की जांच कराई जाएगी. यदि जांच में अवैध उत्खनन की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ खनिज नियमों के तहत नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### मातहतों को जांच के दिए निर्देश

जिले में समय-समय पर अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई की जाती है. आपके द्वारा पनारी क्षेत्र की शिकायत किए जाने पर जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. अवैध खनन को रोकना हमारी जिम्मेदारी है.

**राजकुमार बराठे,**
जिला खनिज अधिकारी

## माता मंदिर में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**आष्टा.** पार्वती थाना पुलिस ने अलीपुर माता मंदिर की दान पेटी तोड़कर नकदी चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की राशि बरामद कर ली है. आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया. जानकारी के अनुसार थाना पार्वती क्षेत्र के अलीपुर स्थित माता मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखी नकदी चोरी किए जाने की शिकायत पर पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी राज उर्फ राजू बारेला पिता नानसिंह निवासी बसनपुर भैरुंदा को हिरासत में लिया. पूछताछ में आरोपी ने मंदिर की दान पेटी का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार कर लिया आरोपी से चोरी की गई लगभग 4 हजार रुपए की नकदी बरामद कर जब्त की गई. दानराशि चोरी के आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया. इस कार्रवाई में एएसआई हिरेश सोनी, दिनेश सिसोदिया, चंद्रभान सेन, चंद्रभान परमार तथा नितिन वर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही.

# अवैध शराब से लदी बोलेरो को पकड़ा

नवभारत न्यूज

**जावर 22 जुलाई.** पुलिस ने अवैध शराब से लदी बोलेरो वाहन से अवैध शराब जब्त की है. पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर लिया है.

जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम झिकड़ी के तालाब रोड पर एक बोलेरो क्रमांक एमपी 09 ई 2259 में अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर

वाहन की तलाशी ली. वाहन से कुल 9 पेटियों में रखे 425 क्वार्टर देशी प्लेन मदिरा बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 76.50 लीटर तथा अनुमानित कीमत लगभग 34 हजार रुपए है. पुलिस ने शराब एवं बोलेरो वाहन को जब्त कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

थाना प्रभारी डीएसपी हेमंत पांडेय ने बताया कि जावर पुलिस द्वारा पिछले पांच महीनों से अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है. जिसमें अब तक 5 कार्रवाई की जा चुकी हैं.

## तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर आज से

**सीहोर.** अटल हॉस्पिटल में मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है. स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ गुरुवार से होगा. शिविर 23, 24 और 25 जुलाई तक प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा. विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा महिलाओं की जांच, परामर्श और उपचार किया जाएगा. शिविर में विभिन्न स्त्री रोगों की जांच एवं उपचार के साथ चिकित्सकों से परामर्श लेने का अवसर मिलेगा.

## झूमा-झटकी के बीच पीएम का पुतला फूंका

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 जुलाई.** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को जिला कांग्रेस के नेतृत्व में शहर के कोतवाली चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया. कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया.

प्रदर्शन में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया. प्रदर्शन को देखते हुए चौराहे पर भारी पुलिस बल तैनात था. इस दौरान पुलिस ने कांग्रेसियों के हाथ से पुतला छीनने का भी प्रयास किया. झूमाझटकी के बीच आखिरकार कांग्रेस ने पुतला दहन कर ही दिया. इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी की गिरफ्तारी लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान, लोकतंत्र और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी. नेताओं ने छात्र-छात्राओं से जुड़े मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस उनके अधिकारों और समस्याओं के समाधान की लड़ाई में हमेशा साथ खड़ी रहेगी. अंत में कांग्रेस नेताओं ने मांग दोहराते हुए सरकार से लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान करने, विपक्ष की आवाज को दबाने के प्रयास बंद करने तथा छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए उचित कदम उठाने की मांग की.

# अच्छी बारिश की कामना को लेकर की दंडवत यात्रा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 22 जुलाई.** क्षेत्र में अच्छी वर्षा और किसानों की समृद्धि की कामना को लेकर समाजसेवी आशीष गहलोत ने बुधवार को सीवन नदी तट स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर से प्राचीन गणेश मंदिर तक तीन किलोमीटर लंबी दंडवत यात्रा की. उन्होंने यह कठिन और श्रद्धापूर्ण यात्रा लगभग तीन घंटे में पूरी की. इस मौके पर संत माधवदास महाराज ने यात्रा का शुभारंभ किया.

दंडवत यात्रा के दौरान करणी सेना परिवार की ओर से ईश्वर सिंह चौहान, अजीत सौलंकी, पवन राठौर, राजू बोयत, पंडित अरुण पांडे, पंडित कुणाल व्यास, विशाल परदेशी, पवन केवट, अजय रेकवार, विनित गोयल, राकेश वर्मा, प्रकाश नागर, सेवा यादव, सुनील, अंकित विश्वकर्मा,

राहुल, कीटू जाधवानी, आयुष गुप्ता, अंकित परमार, मुकेश गाड़ोदिया,प्रकाश नगर, राकेश वर्मा, अभिजीत सोलकी आदि शामिल थे. नपा परिषद के सामने नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य ने श्री गहलोत का स्वागत किया. श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर, बड़ा बाजार, शुगर फैक्ट्री चौराहा पर स्वागत किया गया. यात्रा प्रारंभ होने से पहले सीवन नदी तट स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर के पुजारियों व संतों ने गहलोत को आशीर्वाद प्रदान किया.

## महिला भजन मंडल को दिया साउंड सिस्टम

सीहोर. समाजसेवी अरुणा राय ने महिला भजन मंडल को साउंड सिस्टम प्रदान किया. महिला मंडल खड़े हनुमान मंदिर में भजन कीर्तन करता है. पार्षद मुकेश मेवाड़ा और राजेश मेवाड़ा द्वारा विधायक सुदेश राय से भजन मंडली को सिस्टम उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई थी. खड़े हनुमान मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में अरुणा राय ने मंदिर पहुंचकर महिला भजन मंडली को साउंड सिस्टम प्रदान किया.

# खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में गुणवत्ता व स्वच्छता अहम : कलेक्टर

- कलेक्टर ने आष्टा में औद्योगिक इकाइयों का किया निरीक्षण
- उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**आष्टा 22 जुलाई.** कलेक्टर बालागुरू के ने सात्विक एग्रो आटा प्लांट तथा रेलिश फूड दलिया एवं सॉर्टेक्स प्लांट का निरीक्षण कर उत्पादन प्रक्रियाओं, गुणवत्ता मानकों एवं आधुनिक तकनीकों का अवलोकन किया.

कलेक्टर ने प्लांट की स्वच्छता, कार्यप्रणाली एवं गुणवत्ता मानकों की सराहना करते हुए कहा कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों में गुणवत्ता और स्वच्छता बनी रहनी चाहिए, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर उत्पाद उपलब्ध हो सकें तथा जिले की औद्योगिक पहचान मजबूत हो.

कलेक्टर ने संचालकों को निर्देश दिए कि उत्पादन इकाइयों में सुरक्षा मानकों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित किया जाए तथा कर्मचारियों को समय-समय पर आवश्यक प्रशिक्षण दिया जाए. स्थानीय किसानों से अधिकाधिक कृषि उत्पादों का क्रय कर उन्हें बेहतर बाजार उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो सके. प्लांट परिसर में स्वच्छता, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण संबंधी गतिविधियों को भी प्राथमिकता देने के निर्देश दिए.

प्लांट के संचालकों ने कलेक्टर को उत्पादन क्षमता,

गुणवत्ता नियंत्रण, आधुनिक मशीनरी तथा किसानों एवं रोजगार से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुए बताया कि आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उत्पाद तैयार किए जा रहे हैं.

## लगातार बारिश से जलभराव के हालात

नवभारत न्यूज

**बुधनी 22 जुलाई.** मानसून के पुन: सक्रिय होने से क्षेत्र में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है. लगातार हो रही बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली है, वहीं किसानों के चेहरों पर भी अच्छी फसल की उम्मीदें लौट आई हैं. नगर में पिछले दो दिनों से रिमझिम बारिश का दौर जारी है.

बुधवार को हुई लगातार वर्षा के कारण नगर के कई निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति निर्मित हो गई. तहसील कार्यालय परिसर, कृषि विभाग परिसर सहित अन्य स्थानों पर पानी भर जाने से आमजन को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा. स्थिति की जानकारी मिलते ही नगर परिषद का मैदानी अमला जल निकासी कार्य में जुट गया. नप अध्यक्ष प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय मौके पर पहुंचे और कर्मचारियों के साथ नगर के विभिन्न वार्डों एवं जलभराव वाले स्थलों का निरीक्षण किया. उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए जल निकासी कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, जिससे नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो. परिषद की टीम ने प्रभावित क्षेत्रों में नालियों की सफाई कर पानी की निकासी सुनिश्चित की. परिषद द्वारा बताया गया किजलभराव की आशंका वाले स्थानों पर निगरानी रखी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत कार्य किए जाएंगे.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद सीहोर, जिला सीहोर (म.प्र.)

**प्रारुप - 28**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**

एन.आई.टी.संख्या/3169/ लो.नि.शा./ ई टेंडरिंग /2026 — सीहोर दिनांक 22.07.

निम्नलिखित संविदाकार और ख्याति फर्म्स से जो निविदा मानदंडों को पूरा करती हो ऑनलाईन बोली आमंत्रित हैं।

| क्र.सं./पैकेज/कोड | आपूर्तियां | जिला/ जिले | संभावित राशि | अवधि (दिन) | टेण्डर क्रय करने का अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 2026_UAD_507545_4 | Annual tender for print media work of various shemes and programm of the government under Municipal Council Sehore | सीहोर | 50,00 | चतुर्थ | 23.07.2026 11.00 बजे से 06.08.2026 सांय 17.30 तक |

1- इच्छुक निविदाकार वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर NIT देख सकते हैं।
2- निविदा दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर दिनांक 23.07.2026 प्रात: 11.00 से 06.08 2026 सायं 17.30 तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते हैं।
3- NIT में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं।

विकास प्रिंस राठौर
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद सीहोर

सुधीर कुमार
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सीहोर